Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11

# SS–29–Sociology (D & D)

## उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2025

## SENIOR SECONDARY (D & D) (CWSN) EXAMINATION, 2025

## समाजशास्त्र

## (SOCIOLOGY)

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES:***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड (विकल्पात्मक) है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न संख्या 22 व 23 में आंतरिक विकल्प हैं –

Question number 22 and 23 have internal choice.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** बहुचयनात्मक प्रश्न (i से xv) :– **[15 × 1 = 15]**

Multiple Choice Questions (i to xv) :-

i) विभिन्न देशों में आत्महत्या की दरो में पाए जाने वाले अंतरों का अध्ययन किसने किया – **[1]**

(अ) माल्थस (ब) दुर्खीम

(स) अमर्त्य सेन (द) मैक्स वेबर

Who did the study of Variations in suicide rates across different countries.-

(A) Malthus (B) Durkheim

(C) Amartya Sen (D) Max Weber

ii) भारत की वित्तीय राजधानी किसे कहा जाता है? [1]

(अ) दिल्ली (ब) मुंबई

(स) कोलकाता (द) चेन्नई

Which is called the financial capital of India?

(A) Delhi (B) Mumbai

(C) Kolkata (D) Chennai

iii) मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा किसने माना – [1]

(अ) कार्ल मार्क्स (ब) महात्मा गाँधी

(स) अ व ब दोनो (द) उपर्युक्त में से कोई नही

Who considered mechanisation as a danger to employment-

(A) Karl Marx (B) Mahatma Gandhi

(C) Both A and B (D) None of the above

iv) सामाजिक संसाधनों को सामाजिक पूंजी, आर्थिक पूंजी और सांस्कृतिक पूंजी के रूप में किसने विभाजित किया – [1]

(अ) पी. बोर्दयू (ब) कार्ल मार्क्स

(स) फ्रेडरिक जेमेसन (द) एंथोनी गिडेन्स

Who divided social resources into social capital, economic capital and cultural capital -

(A) P. Bourdieu (B) Karl Marx

(C) Frederick Jameson (D) Anthony Giddens

v) **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता उन्मूलन किया गया है –** **[1]**

**(अ)** **अनुच्छेद** – 15 **(ब)** **अनुच्छेद** – 16

**(स)** **अनुच्छेद** – 17 **(द)** **अनुच्छेद** – 18

In which article of Indian Constitution untouchability has been abolished-

(A) Article - 15 (B) Article - 16

(C) Article - 17 (D) Article - 18

vi) **किस व्यवस्था में जमींदार के स्थान पर वास्तविक कृषक ही टैक्स चुकाने के लिए जिम्मेदार होते थे –** **[1]**

**(अ) पट्टेदारी व्यवस्था** **(ब) रैयतवाड़ी व्यवस्था**

**(स) महालवाडी व्यवस्था** **(द) भूमि हदबंदी व्यवस्था**

In which system the actual cultivators rather than the Zamindars were responsible for paying the tax -

(A) Tenancy system (B) Ryotwari system

(C) Mahalwari system (D) Land Ceiling system

vii) **पंथनिरपेक्षीकरण का अर्थ है –** **[1]**

**(अ) धर्म के प्रभाव में कमी आना** **(ब) धर्म के प्रभाव में वृद्धि होना**

**(स) आधुनिकता में वृद्धि होना** **(द) आधुनिकता में कमी होना**

What is meant by Secularization -

(A) Decline in influence of religion (B) Increasing in influence of religion

(C) Increasing in modernity (D) Decline in modernity

viii) **बीड़ी बनाने की प्रक्रिया में किस पौधे के पत्ते काम में लिए जाते है –** **[1]**

**(अ) पलाश** **(ब) बरगद**

**(स) नीम** **(द) तेंदू**

The leaves of which plant are used in the process of making beedis -

(A) Palash (B) Banyan (Bargad)

(C) Neem (D) Tendu

ix) पुराने सामाजिक आंदोलनों में किसकी केन्द्रिय भूमिका होती थी – **[1]**

(अ) सामाजिक दल (ब) धार्मिक नेता

(स) जातिय नेता (द) अन्य

Who had a central role in the old social movements -

(A) Social party (B) Religious leader

(C) Caste leader (D) Other

x) राजनीतिक शक्ति को सामाजिक हित की ओर प्रवाहित करने का माध्यम कौनसा है – **[1]**

(अ) राजनीतिक दल (ब) हितसमूह

(स) कानून (द) संविधान

What is the medium to channelise political power towards social welfare?

(A) Political Party (B) Interest Group

(C) Law (D) Constitution

xi) निम्न में से कौनसा तमिल समाचार–पत्र है – **[1]**

(अ) दिन तंती (ब) मलयाली मनोरमा

(स) ईनाडू (द) हिन्दुस्तान

Which is the Tamil news-paper in the following -

(A) Dina Thanthi (B) Malayali Manorama

(C) Eenadu (D) Hindustan

xii) 19 वीं सदी के समाज सुधारक महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी क्यों मानते थे – **[1]**

(अ) समाज के उत्थान के लिए (ब) जन संख्या वृद्धि के लिए

(स) सामाजिक असमानता के लिए (द) इनमे से कोई नही

Why did the social reformers of $19^{th}$ centuary consider it necessary for women to be educated?

(A) For the upliftment of society (B) For population growth

(C) For social in equality (D) None of these

xiii) अस्पृश्यों के लिए 'हरिजन' शब्द किसने दिया था – **[1]**

(अ) भीमराव अम्बेडकर (ब) विनोबा भावे

(स) महात्मा गाँधी (द) ज्योतिबा फुले

Who coined the word Harijan for the untouchables?

(A) Bheemaraav Ambedakar (B) Vinoba Bhaave

(C) Mahatma Gandhi (D) Jyotiba Phule

xiv) प्रारम्भ में छपाई का काम किस तरह की पुस्तकों तक सीमित था – **[1]**

(अ) सामाजिक (ब) धार्मिक

(स) राजनीतिक (द) आर्थिक

Initial attempts at printing were restricted to which type of books -

(A) Social (B) Religious

(C) Political (D) Economic

xv) 'स्वच्छ भारत अभियान' का सम्बन्ध किस प्रकार के सामाजिक आंदोलन से है – **[1]**

(अ) किसान आंदोलन (ब) जनजातीय आंदोलन

(स) कामगार आंदोलन (द) पारिस्थितकीय आंदोलन

'Swachch Bharat Abhiyan' is related to which type of social movement -

(A) Peasant Movement (B) Tribal Movement

(C) Worker's Movement (D) Ecological Movement

2) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द चुनकर कीजिए – [5 × 1 = 5]

Fill in the following blanks by choosing appropriate word -

i) प्रति एक हजार की जनसंख्या के पीछे जीवित उत्पन्न हुए बच्चों की संख्या ........... कहलाती है। [1]

(जन्म दर / प्रजनन दर)

The number of children born live per 1000 population is called _________.

(Birth Rate / Fertility Rate)

ii) हैरी ब्रेवरमैन के अनुसार ................ का प्रयोग कार्यकर्ताओ की दक्षता को कम करता है। [1]

(ज्ञान / मशीनों)

According to Harry Braverman the use of ______ deskills workers.

(Knowledge / Machinery)

iii) नाइके कम्पनी ........... का उत्पादन करती है। [1]

(जूतों / चूड़ियों)

Nike Company produces _______.

(Shoes / Bangles)

iv) जहाँआरा शाह नवास ने ............. कुप्रथा का विरोध किया। [1]

(एक विवाह / बहु विवाह)

Jahanara Shah Nawas opposed the practice of ________.

(Monogamy/ Polygamy)

v) जब नव विवाहित जोड़ा वधू के माता–पिता के साथ रहता है, तो वह ............ परिवार कहलाता है।[1]

(पतिस्थानिक / पत्निस्थानिक)

When the newly married couple lives with the bride's parents, then it is called _________ family.

(Patrilocal / Matrilocal)

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**3)** **अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (i से xii) :–** **[12 × 1 = 12]**

Very short answer type questions (i to xii) :-

i) **किस नीति के कारण अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं?** **[1]**

Because of which policy foreign products are now easily available at Indian shops?

ii) **सामुदायिक पहचान किस पर आधारित होती है?** **[1]**

What is community identity based on?

iii) **समाज में श्रम विभाजन और धार्मिक जीवन के प्रकार विषयक लेख किसने लिखे?** **[1]**

Who wrote articles on division of labour in society and forms of religious life?

iv) **भारत में उपनिवेशवाद का प्रमुख कारण क्या था?** **[1]**

What was the main reason for colonialism in India?

v) **संस्कृतिकरण किसे कहते है?** **[1]**

What is called Sanskritisation?

vi) **किसके अनुसार संस्कृतिकरण में निम्न जाति उच्च जाति का विरोध करती है?** **[1]**

According to whom the lower caste opposes the upper caste in Sanskritisation?

vii) **डेमोग्राफी शब्द किन शब्दों से मिलकर बना हैं?** **[½ + ½ = 1]**

The word demography is composed of which words?

viii) **ब्रिटिशकालीन तीन समुद्रतटीय नगरों के नाम लिखिए।** **[1]**

Write the names of three coastal cities of British period?

ix) **'कृषिक संरचना' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया जाता है?** **[1]**

In which context is the word 'Agrarian Structure' used?

x) 1859-62 **के किसान आंदोलन का मुख्य कारण क्या था?** **[1]**

What is the main reason of 1859-62 peasants movement?

xi) **हित समूह क्यों बनाए जाते हैं?** **[1]**

Why are interest groups formed?

xii) **प्रति आंदोलन का एक उदाहरण दीजिए।** **[1]**

Give an example of counter movement?

## खण्ड – स

## SECTION - C

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA - 1) : **[14 × 2 = 28]**

Short answer type questions (SA - 1) :

**4)** पूर्वाग्रह की दो विशेषताएँ बताइये? **[1 + 1 = 2]**
Mention two characteristics of prejudice?

**5)** उपनिवेशवाद क्या हैं? **[2]**
What is colonialism?

**6)** 'न्याय पंचायतों' की दो शक्तियाँ लिखिए। **[1 + 1 = 2]**
Write two powers of 'Nyaya Panchayat'.

**7)** पारराष्ट्रीय निगम कंपनियाँ क्या है? **[2]**
What are Trans National Corporation Companies?

**8)** रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित दो कार्यक्रमो के नामों का उल्लेख कीजिए। **[1 + 1 = 2]**
Mention the names of two schemes related to employment and self-employment.

**9)** हरितक्रांति के दो सकारात्मक प्रभाव लिखिए। **[1 + 1 = 2]**
Write two positive effects of Green Revolution.

**10)** साप्ताहिक बाजार से आप क्या समझते हैं? **[2]**
What do you understand by weekly market?

**11)** चार ऐसे समूहों के नाम लिखिए, जो सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के शिकार रहे है? **[4 × ½ = 2]**
Write the names of four groups which have been victims of social inequality and exclusion?

**12)** 73 वे संविधान संशोधन के दो प्रमुख बिन्दु लिखिए। **[1 + 1 = 2]**
Write two main points of $73^{rd}$ Constitutional Amendment.

13) औपनिवेशिक शासन में चाय बागानों में मजदूरों की स्थिति कैसी थी? [2]

What was the condition of workers in tea gardens during colonial rule?

14) आर्थिक सुधार से क्या तात्पर्य है? [2]

What is meant by economic reform?

15) साम्प्रदायिकता के दो दुष्प्रभाव लिखिए। [1 + 1 = 2]

Write two ill effects of communalism.

16) संविदा कृषि का समाजशास्त्रीय महत्त्व क्या है? [2]

What is the sociological importance of contract farming?

17) प्रतिदानात्मक सामाजिक आंदोलन का लक्ष्य क्या होता है? [2]

What is the aim of redemptive social movement?

## खण्ड – द

## SECTION - D

लघूत्तरात्मक प्रश्न (SA - 2) : [4 × 3 = 12]

Short answer type questions (SA - 2) :

18) संस्कृतिकरण की कोई दो आलोचनाएँ लिखिए। [1½ + 1½ = 3]

Write any two criticisms of Sanskritisation.

19) जाति की कोई तीन सामान्य विशेषताएँ लिखिए। [1 + 1 + 1 = 3]

Write any three general characteristics of caste.

20) माल्थस के जनसंख्या वृद्धि सिद्धांत पर प्रकाश डालिए। [3]

Throw light on Malthusian Theory of Population Growth.

21) भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने में समाज सुधारकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। [3]

Explain the role of social reformers in improving the status of Women in India.

## खण्ड – य

## SECTION - E

**निबंधात्मक प्रश्न** (22 - 23) :- **[2 × 4 = 8]**

Essay type questions (22 - 23 ) :-

**22)** **उदारीकरण का अर्थ बताइए। इससे होने वाले आर्थिक परिवर्तन बताइए।** **[2 + 2 = 4]**

What is the meaning of Liberalisation? Explain the economic changes that will occur due to this.

अथवा/OR

**भूमण्डलीकरण के प्रभावों पर प्रकाश डालिए।** **[4]**

Throw light on the effects of globalisation.

**23)** **जनसंचार माध्यम (मास मीडिया) हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है। उदाहरणों सहित टिप्पणी लिखिए।** **[4]**

Mass media is a part of our everyday life. Write a note with examples.

अथवा/OR

**जनसंचार किसे कहते हैं? जनसंचार के प्रमुख माध्यमों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।** **[1 + 3 = 4]**

What is mass communication? Briefly describe the major mediums of mass communication.

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE